BSNL EMPLOYEES UNION

Recognised Union in BSNL
(Registered Under Indian Trade Union Act 1926. Regn.No.4896)
CHQ:Dada Ghosh Bhawan, Opp. Shadipur Bus Depot., New Delhi – 110008
Email: bsnleuchq@gmail.com, website: bsnleu.in

P. Abhimanyu
General Secretary

Phone: (O) 011-25705385
Fax : 011- 25894862

बीएसएनएलईयू / 102 (सर्कुलर संख्या .02) 21 जनवरी, 2019

सेवा में,

सभी केंद्रीय पदाधिकारी
और सर्किल सचिव

कामरेड,

तीसरा वेतन संशोधन – हड़ताल अपरिहार्य हो सकती है।

माननीय संचार राज्य मंत्री के साथ आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर एयूएबी ने 03 दिसंबर, 2018 से शुरू होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल को टाल दिया था। इसके बाद, एयूएबी ने अतिरिक्त सचिव, डॉट, संयुक्त सचिव (एडमिन), डॉट और सीएमडी बीएसएनएल के साथ मांगों पर लगातार चर्चा की है। 4 जी स्पेक्ट्रम आवंटन और वास्तविक मूल वेतन पर पेंशन अंशदान के भुगतान के मुद्दों पर पर्याप्त सुधार हुए हैं। कंपनी के वित्तीय पुनरुद्धार के लिए इन दोनों मुद्दों का हल बहुत महत्वपूर्ण है। अतिरिक्त सचिव, दूरसंचार ने आश्वासन दिया है कि 4 जी स्पेक्ट्रम मुद्दे पर फरवरी 2019 के पहले सप्ताह में आयोजित होने वाली डिजिटल आयोग (पूर्ववर्ती दूरसंचार आयोग) की बैठक में चर्चा होने जा रही है, जिसके बाद यह कैबिनेट की मंजूरी के लिए जाएगा। पेंशन अंशदान के भुगतान के हल के लिए भी वित्त मंत्रालय के साथ पैरवी जारी है और इस मुद्दे का हल भी अंतिम चरण में दिख रहा है। हालांकि माननीय संचार राज्य मंत्री ने सूचित किया है कि पेंशन संशोधन वेतन संशोधन से डी–लिंक किया जाएगा, डॉट के अधिकारी इस मुद्दे के निपटारे में समस्याएं पैदा कर रहे हैं। जहां तक तीसरे वेतन संशोधन की बात है, डॉट की मानसिकता में बदलाव के बावजूद , यह मुद्दा हल होने से बहुत दूर है। इस सप्ताह में एयूएबी और अतिरिक्त सचिव, दूरसंचार के बीच चर्चा का एक और दौर होने की उम्मीद है। उस मीटिंग के बाद, एयूएबी भविष्य की कार्रवाई के बारे में फैसला करेगी। ऐसा प्रतीत होता है कि हड़ताल अपरिहार्य हो सकती है। इसलिए, सर्किल यूनियनों से अनुरोध है कि वे जिला यूनियनों को एक बहुत ही कम सूचना पर हड़ताल की कार्रवाई के लिए तैयार करें।

8 और 9 जनवरी, 2019 को आयोजित दो दिवसीय आम हड़ताल की समीक्षा

बीएसएनएल में, केवल हमें ही उन सभी 18 आम हड़तालों में भाग लेने का श्रेय हैं, जो 1991 में नव–उदारवादी नीतियों के कार्यान्वयन बाद से हुई हैं। भोपाल अखिल भारतीय सम्मेलन के बाद, हमने एआईटीईयू क्लास–3 के बैनर तले इनमें भाग लिया। इसके बाद, हमने एआईटीईयू क्लास– 3 (नंबूदिरी) के बैनर तले भाग लिया। 2001 से, हम बीएसएनएलईयू के बैनर तले आम हड़ताल में भाग ले रहे हैं। यह बताने की जरूरत नहीं है कि हमारे संगठन को, इन हड़तालों में हमारी भागीदारी ने और अभियान कार्यक्रम के माध्यम से भी, जिन्हें हमने इन 18 आम हड़तालों के संबंध में छेड़ा है, संगठनिक और वैचारिक रूप से बहुत मजबूत किया है। इसलिए, आम हड़तालों को सफलतापूर्वक आयोजित करना, हमारे लिए हमेशा एक महत्वपूर्ण एजेंडा रहा है।

18वीं आम हड़ताल, 08 और 09 जनवरी, 2019 को हुई है। बीएसएनएलईयू ने एनएफटीई, बीएसएनएल एमएस और टीईपीयू के साथ मिलकर हड़ताल का आह्वान किया था। हड़ताल के बाद, हमारी ताकत और कमजोरी का आकलन करने के लिए, समीक्षा करना बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए, हड़ताल के तुरंत बाद, सीएचक्यू ने हड़ताल का विवरण भेजने के लिए सर्किल यूनियनों का आह्वान किया था। केवल कुछ सर्किलों ने ये विवरण भेजे हैं। इस मुद्दे पर अखिल भारतीय केंद्र में 12.01.2019 और 19.01.2019 को हुई बैठकों में चर्चा हुई। लेकिन, कई सर्किलों से हड़ताल विवरण की अनुपस्थिति में अखिल भारतीय केंद्र कोई सार्थक समीक्षा नहीं कर सका। इसलिए, अखिल भारतीय केंद्र की 19.01.2019 को हुई मीटिंग ने सर्किल यूनियनों से बिना किसी देरी के विवरण भेजने के लिए कहने का फैसला लिया। उपरोक्त निर्णय के अनुसार, सीएचक्यू सभी सर्किल यूनियनों का आह्वान करता है कि वे हड़ताल के लिए चलाए गए अभियान से संबंधित संपूर्ण विवरण एकत्र करें, जैसे,, बैठकें और आयोजित किए गए अन्य अभियान कार्यक्रम, सर्किल और विभिन्न जिला यूनियनों द्वारा छपाए गए पोस्टरों और हैंड बिलों की संख्या, जिलेवार नॉन–एक्जीक्यूटिवों की संख्या और हड़ताल में भाग लेने वाले नॉन–एक्जीक्यूटिवों की संख्या और अन्य विवरण। सर्किल सचिवों से अनुरोध है कि वे इन विवरणों के साथ एक लिखित रिपोर्ट 28 जनवरी, 2019 तक भेज दें। सभी सर्किल सचिवों से अनुरोध किया जाता है कि निर्धारित समय के भीतर लिखित रिपोर्ट भेजकर सीएचक्यू के साथ सहयोग करें।

सधन्यवाद,

आपका

(पी अभिमन्यु)
महासचिव